Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 223 रायपुर, शनिवार 6 सितम्बर 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## पांच डिसमिल जमीन की रजिस्ट्री पर रोक से खरीदी-बिक्री प्रभावित

### ऑनलाइन सुविधा भी हो रही परेशानी



**रायपुर,** 6 सितम्बर (हाईवे चैनल)।। प्रदेश में जब से 5 डिसमिल से कम की कृषि जमीन की रजिस्ट्री पर रोक लगी है, तब से मानों जमीन खरीदी-बिक्री पर लगाम सी लग गई है. रायपुर जिले की बात करें तो पहले रोज रजिस्ट्री 200 से अधिक होती थी, लेकिन अब आंकड़ा बमुश्किल 150 पार हो रहा है.

उल्लेखनीय है कि अधिकांश लोग 1000 वर्गफीट, 1500 वर्गफीट, 2000 वर्गफीट के प्लाट खरीदते हैं, लेकिन 5 डिसमिल से कम की जमीन की रजिस्ट्री बंद हो जाने से लोग छोटे साइज के प्लाट नहीं खरीद पा रहे हैं. दूसरी ओर बिल्डरों के प्रोजेक्ट को फायदा मिल रहा है. रजिस्ट्री को सुविधाजनक बनाने के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू की गई हैं, लेकिन इससे भी लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है. सभी दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड करने और अपॉइंटमेंट लेने के बाद भी रजिस्ट्री पूरी नहीं हो पा रही है. कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटरों को भी उतनी जानकारी नहीं रहती है. कई मामले उप पंजीयकों के हस्ताक्षर नहीं होने के चलते रुक गए हैं. उप पंजीयकों के छुट्टी में चले जाने से रजिस्ट्री जारी नहीं हो पाती है. भले ऑनलाइन से प्रक्रिया पूरी हो जाए.

### आरडीए एवं हाउसिंग बोर्ड के मामले ज्यादा अटक रहे

**हाउसिंग बोर्ड और आरडीए से मकान, फ्लैट, जमीन खरीदने वालों की रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है. रजिस्ट्री कराने के लिए कई लोग चक्कर काट रहे है. दरअसल लोगों को फ्लैट, मकान और प्लाट बेचे गए हैं, वे हाउसिंग बोर्ड या आरडीए के नाम पर - नहीं चढ़े हैं. इस कारण उसकी र रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है. ऐसे सैकड़ों 1 मामले पेंडिंग है. इसका अब तक समाधान नहीं निकाल पाए हैं.**

## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े और उनके परिवार वालों को जान से मारने की धमकी



**सूरजपुर,** 6 सितम्बर (हाईवे चैनल)। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े और उनके परिवार को चौराहे पर सार्वजनिक रूप से घोटाले में फंसाने के साथ जान से मारने की धमकी देना युवक को भारी पड़ गया. ग्रामीण की शिकायत पर आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है.

दरअसल, कसकेला के रहने वाले रवि यादव ने भटगांव थाने में लिखित शिकायत दी थी कि गांव में रहने वाले रविन्द्र यादव ने मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े एवं उनके परिवार के घोटाले में फंसाने और सामने आने पर जान से मारने की धमकी दी है. भटगांव पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच की, जिसके बाद कार्रवाई करते आरोपी युवक को गिरफ्तार में किया है.

## पीएम आवास दिलाने के नाम पर महिलाओं से लाखों की ठगी, भाजपा नेत्री गिरफ्तार



**बिलासपुर,** 6 सितम्बर (हाईवे चैनल)। प्रधानमंत्री आवास योजना में घर दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने वाली भाजपा नेत्री सपना सराफ को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने दो महिलाओं से पीएम आवास दिलाने के नाम पर 3 लाख 40 हजार रुपये ऐंठे। पीड़ित महिलाओं ने इसकी शिकायत कलेक्टर से की थी, जिसके बाद जांच पूरी होने पर नगर निगम के बाबू ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। यह पूरा मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है।

प्रधान मंत्री आवास योजना के अंतर्गत मिलने वाले गरीबों के मकान को लेकर कलेक्टर के जनदर्शन में भाजपा नेत्री सपना सराफ के खिलाफ शिकायत की गई थी। आवास मिलने में हो रही देरी को लेकर पहुंची शिकायतकर्ता महिला उमा साहू और संतोषी विश्वकर्मा ने कलेक्टर संजय अग्रवाल के जनदर्शन में आवास के नाम पर धोखाधड़ी की शिकायत की थी। कलेक्टर ने निगम कमिश्नर को इसकी जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। मामले की जांच के बाद निगम में पदस्थ क्लर्क सौरभ तिवारी ने आवास के नाम पर दोनों महिलाओं को ठगने वाली महिला सपना सराफ के खिलाफ सरकंडा थाने में जुर्म दर्ज कराया।

बताया जा रहा है कि सपना सराफ राजकिशोर नगर की कल्याण बाग में रहने वाली है, उसने अपने परिचित महिला उमा साहू और संतोषी विश्वकर्मा को पीएम आवास दिलाने के लिए 3 लाख 40 हजार रुपये ऐंठ चुकी है। आरोपी महिला ने दोनों महिलाओं को फर्जी रसीद भी थमा दिया था। जिसका मिलान निगम कार्यालय में किया गया है। पुलिस ने धारा 420, 467, 468 और 471 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी महिला को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### कल भारत में स्पष्ट दिखाई देगा चंद्र ग्रहण



**नई दिल्ली,** 6 सितम्बर (न्यूज चैनल)। चंद्र ग्रहण खगोलीय, धार्मिक और ज्योतिषीय तीनों ही दृष्टियों से महत्वपूर्ण माना जाता है। इसका सीधा प्रभाव देश-दुनिया की गतिविधियों से लेकर पूजा-पाठ और व्यक्तिगत जीवन पर पड़ता है। हिंदू धर्म में इसे अशुभ अवधि के रूप में जाना जाता है, इसलिए इसके आरंभ से समापन तक कई नियमों का पालन किया जाता है। हालांकि, खगोलशास्त्रियों के लिए यह आकाशीय घटनाओं को समझने का अवसर होता है। वहीं ज्योतिष में इसका असर 12 राशियों और 27 नक्षत्रों पर पड़ता है, जिससे कुछ जातकों को लाभ, तो कुछ की परेशानियां बढ़ने लगती हैं। इस वर्ष 7 सितंबर 2025 को साल का दूसरा और अंतिम चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है। इसका दृश्य भारत में स्पष्ट रूप से दिखाई देगा।

### पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान अस्पताल में भर्ती



नई दिल्ली, 6 सितम्बर (न्यूज चैनल)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को पिछले दो दिनों से स्वास्थ्य खराब होने के बाद शुक्रवार को मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार, मुख्यमंत्री पिछले दो दिनों से अस्वस्थ थे और पेट में संक्रमण के साथ-साथ बुखार से भी पीड़ित थे। उनकी हालत में कोई सुधार न होने पर, चिकित्सा विशेषज्ञों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी। 51 वर्षीय मान को शुक्रवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहाँ डॉक्टरों की एक टीम उनके स्वास्थ्य पर कड़ी नज़र रख रही है। सूत्रों ने बताया कि उनकी हालत स्थिर है, लेकिन अगली चिकित्सीय सलाह तक उन्हें निगरानी में रखा जाएगा। मान के कार्यालय ने अभी तक उनके डिस्चार्ज या आगे के उपचार की योजना के बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। उनकी बीमारी की खबरों के बाद, आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य का हालचाल जाना। केजरीवाल बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के लिए बुधवार शाम पंजाब पहुँचे थे।

## 10-12 लाख में फर्जी पुलिस कर्मी आशीष ने क्राइम ब्रांच से लेकर थानों में कराई पोस्टिंग



### बिना रोक-टोक आईपीएस अधिकारियों के घर था जाना-आना

**रायपुर,** 6 सितम्बर (हाईवे चैनल)। पुरानी बस्ती में गिरफ्तार फर्जी पुलिस आशीष घोष से पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं. उसने क्राइम ब्रांच से लेकर थानों, ट्रैफिक, एमटीओ में कई सिपाही, हवलदार और एएसआई की पोस्टिंग कराई है. पोस्टिंग के बदले उनसे हर माह पैसा लेता रहा. उसे किसी माह पैसा नहीं मिलता है तो वह गाली-गलौज करता. इतना ही नहीं एसएसपी, एडिशनल एसपी या किसी नेता को बोलकर उनके स्टाफ को हटवा देता. उसने कई लोगों के साथ ऐसा किया है. उसने पुलिस के एमटीओ में कई लोगों को पदस्थ किया है. उनसे गाड़ी व पेट्रोल तक लेता रहा.

पिछले 10 साल में रायपुर में पदस्थ कई आईपीएस से भी जुड़ा रहा. बिना किसी रोक-टोक के उनके घर आना-जाना करता था. उनके नाम से लोगों को धौंस दिखाता. आरोपी के मोबाइल में कुछ ऑडियो भी मिले हैं. उसमें वह पुलिस सिपाही हवलदार को धमकी दे रहा है. आरोपी ने कुछ टीआई और एसआई की पोस्टिंग कराने का भी दावा किया है. वह अभी भी कुछ टीआई और एसआई की पोस्टिंग के लिए लगा हुआ था. कुछ नेता और संगठनों के लोगों से ट्रांसफर-पोस्टिंग के लिए मुलाकात की. वह पोस्टिंग के एवज में 10-12 लाख लेता था.

रायपुर पुलिस ने फर्जी पुलिस बनकर केस सेटलमेंट करने वाले आशीष घोष को गिरफ्तार किया. गुरुवार को कोर्ट में पेशी के बाद उसे 6 सितंबर तक रिमांड पर लिया गया. आशीष के पास से 2 लाख रुपये, सोने की अंगूठियां, ब्रेसलेट और अन्य सामान बरामद हुआ. उसके मोबाइल में पुलिस अधिकारियों को महंगे गिफ्ट्स देने और केस सेटलमेंट से जुड़े चैट्स मिले. कई चैट्स डिलीट होने के कारण मोबाइल साइबर लैब भेजा गया. आशीष थानों में नियमित आता-जाता था और शिकायतकर्ताओं से पैसे लेकर केस सुलझाता था.

**फर्जी आईडी का खुलासा-** आशीष ने पूछताछ में बताया कि उसने एसीबी-ईओडब्ल्यू के सिपाही उमेश कुर्रे के पुलिस आईडी की फोटो खींचकर उसमें अपनी तस्वीर लगाकर फर्जी आईडी बनवाया. घड़ी चौक के वीर नारायण परिसर में एक दुकानदार ने इस काम में उसकी मदद की. फर्जी आईडी पर डीजी जीपी सिंह के हस्ताक्षर भी थे. आशीष की गाड़ी से थाने का सील-मोहर, ड्यूटी चार्ट और गश्त पॉइंट भी बरामद हुआ.

## विसर्जन झांकी 8 को, तैनात रहेंगे 800 वर्दी वाले डीजे के साथ पटाखों पर भी रहेगा प्रतिबंध

**रायपुर,** 6 सितम्बर (हाईवे चैनल)। राजधानी में गणेश विसर्जन झांकी पुराने रूट पर सोमवार 8 सितंबर की रात निकलेगी. झांकी रूट को सुरक्षा के लिहाज से छह सेक्टरों में बांटकर 8 सौ पुलिस जवान और अधिकारी तैनात किए जाएंगे. गणेशोत्सव के दौरान डीजे बैन कर दिया था. अब विसर्जन झांकी में डीजे के साथ पटाखे भी प्रतिबंधित किए गए हैं. झांकी मार्ग पर सीसीटीवी कैमरे के साथ ड्रोन से भी निगरानी और रिकॉर्डिंग की जाएगी.

### शारदा चौक से टोकन लेकर झांकियां करेंगी प्रवेश

रात आठ बजे तक झांकी रूट पर खुलने वाले सभी रास्ते बैरिकेड से बंद कर दिए जाएंगे. झांकियां राठौर चौक से गुरुनानक चौक, एम.जी. रोड होते हुए शारदा चौक आएंगी. यहां से टोकन लेकर झांकी रूट में प्रवेश करके जयस्तंभ चौक की ओर बढ़ेंगी. शारदा चौक पर तात्यापारा चौक से आने वाली झांकियों को एक के बाद एक सिस्टम से प्रवेश दिया जाएगा.

इस रात भारी वाहनों को शहर के बाहर रोका जाएगा. झांकियां शारदा चौक, जयस्तंभ चौक, कोतवाली चौक, सदरबाजार, कंकालीपारा, पुरानीबस्ती से लाखेनगर होते हुए रायपुरा महादेव घाट जाएगी. लिहाजा पूरी रात उक्त रूट पर केवल श्रद्धालु पैदल ही पहुंच पाएंगे. उनकी सुविधा के लिए वाहन पार्किंग स्थल तय किए गए हैं.

पुलिस के उच्च अधिकारियों के मुताबिक सुरक्षा के लिए कड़े प्रबंध किए जा रहे हैं. सभी सेक्टरों में एएसपी स्तर के अधिकारी प्रभारी के रूप में तैनात रहेंगे. उनके अधीन छोटे-छोटे सेक्टरों में टीआई और एसआई सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे. सादी वर्दी में भी पुलिस टीम तैनात रहेगी, जो संदिग्धों की जांच व धरपकड़ करेगी. झांकी मार्ग पर भीड़ में नशेड़ियों, संदिग्ध लोगों और प्रतिबंधित चीजें मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

**विसर्जन के बाद अमलेश्वर या भाठागांव होकर लौटेंगे वाहन-** महादेव घाट में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के बाद झांकियों में शामिल वाहन अमलेश्वर या भाठागांव होकर वापस लौटेंगे. इसी तरह नौ सितंबर को अमलेश्वर की ओर किसी भी वाहन को खारून नदी पुल से नहीं आने दिया जाएगा. अमलेश्वर की ओर से आने वाले भाठागांव, काठाडीह, दतरेंगा होकर आवागमन कर सकेंगे. तेलीबांधा-शास्त्री चौक से जी. ई. रोड होकर टाटीबंध की ओर जाने वाले वाहन शास्त्री चौक से कालीबाड़ी, पचपेढ़ी नाका से रिंग रोड एक होकर निकलेंगे. वहीं फाफाडीह चौक से स्टेशन रोड, चौबे कॉलोनी, समता कॉलोनी होकर आवागमन कर सकेंगे.

## पीएम मोदी संयुक्त राष्ट्र महासभा में नहीं होंगे शामिल, विदेश मंत्री जयशंकर करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व



**नई दिल्ली,** 6 सितम्बर (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने के अंत में होने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा के वार्षिक उच्च-स्तरीय सत्र में शामिल नहीं होंगे। यहां जारी वक्ताओं की संशोधित अनंतिम सूची से यह जानकारी मिली है। संयुक्त राष्ट्र महासभा का 80वां सत्र नौ सितंबर को शुरू होगा। उच्च स्तरीय सत्र 23 से 29 सितंबर तक होगा जिसमें ब्राजील पारंपरिक रूप से सत्र का पहला वक्ता होगा उसके बाद अमेरिका दूसरे स्थान पर होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 23 सितंबर को यूएनजीए के मंच से वैश्विक नेताओं को संबोधित करेंगे। व्हाइट हाउस में अपने दूसरे कार्यकाल में संयुक्त राष्ट्र सत्र में यह उनका पहला संबोधन होगा। उच्च स्तरीय सत्र में शामिल होने वाले वक्ताओं की शुक्रवार को जारी संशोधित अनंतिम सूची के अनुसार भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री एस. जयशंकर करेंगे। वह 27 सितंबर को सत्र को संबोधित करेंगे। दरअसल इससे पहले जुलाई में जारी वक्ताओं की अनंतिम सूची में यह जानकारी दी गई थी कि प्रधानमंत्री मोदी 26 सितंबर को सत्र को संबोधित करेंगे। इजराइल, चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश के शासनाध्यक्ष 26 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र को संबोधित करेंगे।

## 300 करोड़ की गड़बड़ी का आरोप, विधायक ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



**बिलासपुर,** 6 सितम्बर (हाईवे चैनल)। बिलासपुर जिले के बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने आरडीएसएस योजना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। मामले को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर शिकायत की और जांच की मांग की है। विधायक सुशांत ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत बिलासपुर संभाग में लगभग 300 करोड़ रुपये की गड़बड़ियों की बात सामने आई है। बिलासपुर जिले में 35 करोड़ रुपये से अधिक का सीधा भ्रष्टाचार उजागर हुआ है। विधायक ने सचिवस्तरीय जांच टीम गठित कर कार्रवाई की मांग की है।

राज्य सरकार द्वारा बिजली चोरी रोकने और लाइन लॉस कम करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत एरियल बंच केबल (एबीसी) लगाने का काम कराया गया था, जिसके तहत बिलासपुर, मुंगेली और कोरबा जिले का कार्य पुणे की एसटी इलेक्ट्रिकल कंपनी को सौंपा गया था, जिसकी समय सीमा जनवरी 2025 तक तय की गई थी। विधायक सुशांत शुक्ला का आरोप है कि कंपनी ने कार्य को समय पर पूरा नहीं किया, लेकिन नियमानुसार पेनल्टी लगाने और ठेका निरस्त करने की बजाय, अधिकारियों ने गैरकानूनी तरीके से तीन अन्य कंपनियां जय हिंद एनर्जी, शारदा कंस्ट्रक्शन और सिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर को सबलेट दिया। उन्होंने बताया कि जांच में गंभीर अनियमितताओं के बावजूद बिलासपुर जिले के प्रोजेक्ट कार्यपालन यंत्री को बचाने सिर्फ सहायक यंत्री को निलंबित कर खानापूर्ति की गई, जबकि अन्य जिलों में कार्यपालन यंत्रियों को निलंबित किया गया है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि जांच प्रक्रिया पूरी तरह से पक्षपातपूर्ण रही और सिर्फ दो दिनों में दोषी अधिकारियों को क्लीन चिट दे दी गई।

## मैंने प्रधानमंत्री जी से मिला होमवर्क किया पूरा, आप भी टीचर से मिला होमवर्क करें पूरा



**रायपुर,** 6 सितम्बर (हाईवे चैनल)। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जो मुझे होमवर्क दिया था, उसे मैंने पूरा किया। जब उनसे लौटने के बाद उनसे मुलाकात की, तब कुछ नया होमवर्क भी उन्होंने दिया। इसी होमवर्क के कारण आज रायपुर जिले के पूरे छत्तीसगढ़ के स्कूली बच्चों के साथ वर्चुअली मुलाकात कर रहा हूं और अपने अनुभव शेयर कर रहा हूं। जिससे बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित हो और वे स्पेस में कार्य करने के लिए अग्रसित हों।

यह बात अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन में पहुंचने वाले पहले भारतीय अतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने दानी स्कूल की छात्रा सुश्री प्रियांशी मिश्रा के सवाल के जवाब में कही। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय इस मौके पर अतंरिक्ष यात्री श्री शुभांशु शुक्ला से संवाद किया तथा उनका आभार व्यक्त किया। इस वर्चुअल कार्यक्रम में रायपुर जिले सहित पुरे प्रदेश के स्कूली बच्चे वर्चुअली रूप से जुड़कर देखा। साथ ही रायपुर, धमतरी और जशपुर के बच्चों ने संवाद किया।

- **अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला से जिले के बच्चों का हुआ वर्चुअली संवाद, पूछे बच्चों ने रोचक सवाल**
- **मुख्यमंत्री श्री शुक्ला के साथ बच्चों के वर्चुअल संवाद में हुए शमिल**

प्रियांशी ने श्री शुभांशु से पूछा- हमें टीचर होमवर्क देते है, क्या आपको प्रधानमंत्री जी ने होमवर्क दिया था। श्री शुभांशू ने उक्त जवाब देते हुए स्कूली बच्चों से प्रश्न पूछा कि टीचर आप को जो होमवर्क देते हैं उसे पूरा करते हैं क्या? फिर कहा कि हमारे अच्छे के लिए देते हैं उसे अवश्य पूरा करें। श्री शुभांशु ने बच्चों से कहा कि भारत में यह अद्भुत समय है। हम अंतरिक्ष विज्ञान में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। यहां के बच्चों में भी प्रतिभा है। उन्होंने कहा कि वे आगे बढ़ें, मेहनत करें उन्हें आगे बढ़ने से कोई रोक नही सकता। भारत अभी गगनयान जैसे अनेक अंतरिक्ष अभियान संचालित करने की ओर है। हो सकता है कि इन्हीं स्कूलों बच्चों मे से कोई हमारे बीच रहे। इनमें से कोई बच्चा चन्द्रमा में भारत की ओर से कदम रखें। मेरी शुभकामनाएं।

सूर्य को देखकर सोएं तो 45 मिनट ही सो पाएंगे अंतरिक्ष में- आत्मानंद शहीद स्मारक स्कूल फाफाडीह श्री नोमान अली ने प्रश्न पूछा कि 'जब आप अंतरिक्ष पर थे तो आप दिन और रात के बीच फर्क कर पा रहे थे या नहीं'। इस पर श्री शुभांशु ने कहा कि मेरे जैसा कोई भी अन्य अंतरिक्ष यात्री जब स्पेस में होता है तो वह पृथ्वी के एक दिन में 16 चक्कर लगाता है। सूर्य को देखकर सोने की कोशिश करें तो वह 45 से 90 मिनट ही सो पाएगा। इसलिए हम जीएमटी के अनुसार अपनी समय सारिणी बनाते हैं। जिसमें समय पर उठना, खाना, रिसर्च करना और सोनाा इत्यादि होता है।

## तहे दिल से सराहना करते हैं- मैं हमेशा दोस्त रहूंगा वाले ट्रंप के बयान पर पीएम मोदी का जवाब



**नई दिल्ली,** 6 सितम्बर (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, राष्ट्रपति ट्रंप की भावनाओं और हमारे संबंधों के सकारात्मक मूल्यांकन की हम तहे दिल से सराहना करते हैं। हम उनका पूर्ण समर्थन करते हैं। भारत और अमेरिका के बीच एक अत्यंत सकारात्मक, दूरदर्शी व्यापक और वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है।

इससे पहले शुक्रवार को ओवल ऑफिस में मीडिया से बात करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि %मैं हमेशा मोदी का दोस्त रहूंगा, वह एक महान प्रधानमंत्री हैं। लेकिन मुझे इस समय उनके द्वारा किए जा रहे काम पसंद नहीं आ रहे हैं। लेकिन भारत और अमेरिका के बीच एक खास रिश्ता है। चिंता की कोई बात नहीं है। हमारे बीच ऐसे पल आ जाते हैं। दरअसल, राष्ट्रपति ट्रंप से सवाल किया गया था कि क्या वे भारत के साथ संबंधों को फिर से सुधारने के लिए तैयार हैं? इसके जवाब में ट्रंप ने ये बयान दिया। इससे पहले ट्रुथ सोशल पोस्ट में ट्रंप ने एक पुरानी तस्वीर साझा की।




चूहा- सुनती हो, शिक्षक दिवस में शिक्षकों को सम्मान सामग्री बिना सम्मान करे पूर्व ही वितरित कर दी गई।

चुहिया- हां जी, अब सिर्फ फोटो सेशन की परंपरा ही बरकरार रहेगी।